**आरोप** | नाली निर्माण में जमकर चल रहा तकनीकी खेला

# लाल रंग की मिट्टी युक्त रेत से बन रही नाली



**शहडोल, नवभारत।** नगर परिषद ब्योहारी मे निर्माण कार्यों के नाम पर शासकीय राशि की लूट मची हुई है। ठेकेदार द्वारा तकनीकी खेला करतें हुए घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

आलम यह है कि कहीं मिट्टी युक्त रेत का उपयोग किया जा रहा तो कहीं घटिया सीमेंट व बड़े-बड़े 30 एमएम की गिट्टी डालकर स्टीमेट से हटकर निर्माण कार्य कराया जाता है जिससे नगर मे हुए कई निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गये हैं उस ओर कोई देखने सुनने वाला नहीं है। सब के सब कमीशन के चक्कर मे आंख बंद कर मौन धारण किये हुए है।

### ठेकेदार करा रहा घटिया निर्माण

नगर परिषद ब्योहारी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 07 ईदगाह के पीछे नाली का निर्माण ठेकेदार नीरज गुप्ता द्वारा कराया जाना वार्ड वासियो द्वारा बताया गया है जिसमें 3 सूत की जगह ढाई सूत की छड़ एवं लाल रंग की मिट्टी युक्त रेत का उपयोग कर घटिया नाली का निर्माण कराया जा रहा है। लोगों की माने तो नाली निर्माण मे तकनीकी देख रेख करने वाले उपयंत्री निर्माण स्थल मे नहीं रहते है जिस कारण ठेकेदार मनमानी रुप से नाली निर्माण कर तकनीकी खेला किया जा रहा है।

### बाइब्रेटर का नहीं हो रहा उपयोग

नाली निर्माण मे ठेकेदार द्वारा ब्राइब्रेटर का उपयोग नही किया जा रहा है। निर्माण मे ब्राइब्रेटर का उपयोग न करना कंहा तक उचित है यह तो उपयंत्री ही जाने पर जिस तरह से ठेकेदार द्वारा पटरा बांध कर पेवरी मशीन के माध्यम से उसमे सीमेंट, रेता और गिट्टी मिक्स डाल कर नाली का निर्माण किया जा रहा वह कितना गुणवत्ता युक्त है उस बात का अंदाजा देख कर ही लगाया जा सकता है। वार्ड वासियो ने इसे निर्माण के नाम पर शासकीय राशि की लूट किये जाने का आरोप लगाया है।

### ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग

सूत्रों की माने तो नीरज गुप्ता द्वारा नगर मे कई जगह निर्माण कार्य कराया गया है जिसमें भ्रस्टाचार की बू आ रही है। बिछिया टोला मे कराया गया बैरिक कोट निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्योहारी के पास मुक्ती धाम पंहुच मार्ग जैसे और कई अन्य कार्य बनते ही उखड़ गये है जगह जगह दरारे आ गयी है। निर्माण मे तकनीकी खेला किया गया है मगर उस ओर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही की गयी है। लोगों का कहना है कि क्या इन निर्माण कार्यों मे कोई गारंटी वारंटी नहीं होती है यदि होती है तो फिर नगर परिषद सीएमओ द्वारा ठेकेदार को नोटिस जारी कर उनका निर्माण क्यों नही कराया जाता आदि तमाम बातो को लेकर चर्चाओ का बाजार गर्म है। नगर के प्रबुद्ध लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने एवं हाल ही मे कराये गये निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर सुधार करवाये जाने की मांग की है।

**इनका कहना है**

वीडियो देखने के बाद ठेकेदार को सुधार करने के लिये बोल दिया गया है। ब्राइब्रेटर का उपयोग करने के लिए भी बोला गया है।

**आकाश पाण्डेय**
**उपयंत्री, नगर परिषद ब्योहारी**

यदि गुणवत्ताहीन कार्य हो रहा है तो तत्काल उपयंत्री को फोन लगाकर काम बंद कराने के लिये बोलता हूँ। जो निर्माण टूट गया है या जिसमे दरारे आ गयी है उसका एक दो दिन में निरीक्षण कराकर सुधार कराने के लिये ठेकेदार को पत्र जारी किया जायेगा।

**शरद गौतम**
**सीएमओ, नगर परिषद ब्योहारी**

# मुर्गा खाने नहीं दिया तो पिता को उतारा मौत के घाट




**सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुआ की घटना**

**शहडोल, नवभारत।** सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुआ निवासी सुदामा बैगा ने घर पर खाने के लिए मुर्गा बनाया था। इस दौरान उनका बेटा करण भी मुर्गा खाने की जिद करने लगा, लेकिन पिता ने बेटे की इस मांग को ठुकरा दिया।

पिता का इंकार बेटे को नागवार गुजरा और गुस्से में तिलमिलाए करण ने पास में रखी लाठी उठा ली, देखते ही देखते उसने अपने ही पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, हमला इतना भयानक था कि पिता सुदामा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। नवरात्रि का पावन पर्व हमें संयम और धैर्य की सीख देता है। ऐसे शुभ समय में पवित्र रिश्तों को तार-तार कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

## आबादी क्षेत्र में दिखा भालू, शोर मचाकर ग्रामीणों ने खदेड़ा



**शहडोल।** जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत केशवाही वन परिक्षेत्र के बलबहरा में एक रोमांचक लेकिन खौफनाक नजारा सामने आया है। जहाँ एक भालू रिहायशी इलाके में घूमता हुआ देखा गया। भालू ने अचानक सड़क पार की, जिसे देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए भालू को जोर-जोर से आवाजें लगाकर और शोर मचाकर खदेड़ दिया। हालांकि, यह तरीका बेहद जोखिम भरा था, क्योंकि गुस्से में भालू किसी भी वक्त ग्रामीणों पर हमला कर सकता था। गनीमत रही कि किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई।भालू के इस मूवमेंट ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। लोगों का कहना है कि लगातार वन्यजीव अब रिहायशी इलाकों का रुख कर रहे हैं, जिससे सुरक्षा की चिंता बढ़ रही है। हैरानी की बात यह है कि घटना की सूचना के बावजूद वन विभाग पूरी तरह अनजान बना हुआ है। न तो मौके पर कोई टीम पहुंची और न ही स्थानीय स्तर पर कोई कार्रवाई की गई। ग्रामीणों का कहना है कि भालू कभी भी बच्चों, महिलाओं या मवेशियों पर हमला कर सकता है। यदि वन विभाग समय रहते ध्यान नहीं देता तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# धनपुरी में नामचीन सटोरियों को किसने दिया अभयदान

**12 महीने सट्टे की रोजी-रोटी खाने वाले सटोरियों तक कब पहुंचेगी धनपुरी पुलिस**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 688 26 | 6 | 880 62 | 8 | 189 89 | 9 | 126 98 |
| मंगल | 0 | 488 04 | 4 | 400 40 | 7 | 557 78 | 8 | 468 87 |
| बुध | 6 | 600 67 | 7 | 250 76 | 8 | 800 89 | 9 | 199 98 |
| गुरु | 3 | 788 35 | 5 | 140 53 | 7 | 566 78 | 8 | 800 87 |
| शुक्र | 1 | 588 17 | 7 | 269 71 | 8 | 125 89 | 9 | 388 98 |
| शनि | 1 | 560 16 | 6 | 123 61 | 7 | 160 79 | 9 | 469 97 |

**धनपुरी, नवभारत।** धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत लंबे समय से सट्टे का अवैध कारोबार खुलेआम संचालित हो रहा था यह बात अब पुलिस के द्वारा की जा रही कार्यवाहियों से ही प्रमाणित हो रही है की किस प्रकार से इमामबाड़ा के पास मुख्य सड़क पर स्थित दुकान में बैठकर राजा कश्यप और भोला कुशवाहा सट्टा पर्ची काट रहे थे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यही राजा कबाड़ का अवैध कारोबार भी संचालित करता था लेकिन इस पर शायद ही कभी कबाड़ को लेकर कार्यवाही की गई हो। जिला मुख्यालय से कप्तान ने अभियान चलाकर कार्यवाही करने का फरमान जारी किया तब से धनपुरी नगर में सटोरियों के खिलाफ कार्यवाही का सिलसिला शुरू हुआ है।अभियान की शुरुआत में टुटपुजिंए सटोरियों पर कार्यवाही करके खुद की पीठ थपथपाई जा रही है क्योंकि नगर में रोजाना लाखों रुपए का अवैध कारोबार सट्टे के कारोबार में हो रहा है लेकिन टुटपुजिंए सटोरियों से हजारों में ही रकम जप्त हो पा रही है। धनपुरी नगर में कुछ सटोरिये ऐसे भी है जो 12 महीने सट्टे की काली कमाई की ही रोजी-रोटी खाते हैं। धनपुरी नगर में हर कोई जानता है कि यह लोग सट्टे का अवैध कारोबार कितने लंबे समय से कर रहे हैं और सट्टे की काली कमाई से कितनी संपत्ति बना चुके हैं इसके बाद भी इन पर कार्यवाही ना होना मिली भगत की तरफ इशारा करता है। जब तक इन नामचीन सटोरियों तक धनपुरी पुलिस के हाथ नहीं पहुंचते तब तक धनपुरी नगर कभी भी सट्टा मुक्त नहीं हो सकता। क्षेत्र में धनपुरी बुढार एवं अमलाई थाना क्षेत्र में गिनती के ऐसे लोग हैं जो सट्टे का अवैध कारोबार करने की वजह से बदनाम है यदि इन चिन्हित बड़े सटोरियों के ऊपर जिला बदर जैसी सख्त कार्यवाही हो जाए तो क्षेत्र से सट्टे का अवैध कारोबार पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा लेकिन हमेशा कार्यवाही सिर्फ टुटपुजिंए सटोरियों के ऊपर की जाती है बड़े सटोरियों को अभयदान दे दिया जाता है। पर्दे के पीछे रहने वाले बड़े सटोरियों को जब तक पुलिस बेनकाब नहीं करेगी तब तक धनपुरी एवं कोयलांचल क्षेत्र में सट्टे का अवैध कारोबार कभी खुलेआम तो कभी लुक छुप कर चलता ही रहेगा। इन सटोरियों से जिन्हें पुलिस अभी सट्टा पर्ची काटते हुए रंगे हाथ पकड़ रही है उनसे पूछना चाहिए कि पूरा नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है इस नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं लेकिन कार्रवाई करने के बाद इन पर दोबारा नजर तक नहीं रखी जाती और यही लोग ठिकाना बदलकर फिर से अपने काम में मतलब सट्टा पर्ची काटने में जुट जाते हैं। नगर के बेरोजगार युवा सट्टे की लत में पड़कर अपना और अपने परिवार का भविष्य बर्बाद कर रहे है और पुलिस टुटपुजिंए सटोरियों पर कार्यवाही कर अपनी पीठ खुद ब खुद थपथपा रही है।



## गांजे का विक्रेता और सप्लायर गांजा सहित गिरफ्तार

**शहडोल।** बीती शनिवार को चैकी दर्शीला अंतर्गत ग्राम लटेरिया के राम सिंह द्वारा गांजा बेचने की सूचना पर पुलिस टीम सहित उसके घर पर रात 12 बजे रेड की जाकर आरोपी रामसिंह को अवैध गांजे के साथ उसके घर पर पकड़ा जाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई आरोपी को गिरफ्तार किया गया रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब डेढ़ किलो गांजा कीमत लगभग 15000 जप्त किया गया तथा राम सिंह को गांजा सप्लाई करने वाले सुरेश उर्फ पप्पू सोनी निवासी खाड़ा की तलाश की जाकर गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी जियाउल हक, राजकुमार सिंह एवं ज्ञानदत्त तिवारी, प्रधान आरक्षक नरेंद्र एवं नितिन आरक्षक अजय उपस्थितरहे।

# सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत ब्योहारी में आज लगेगा रक्तदान कैंप

**अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की विधायक ने आमजन से की अपील**

**ब्योहारी, नवभारत।** सेवा पखवाड़ा एक पंद्रह दिनों का सामाजिक सेवा अभियान है, जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा पहल का प्रमुख हिस्सा माना जाता है। इस दौरान सरकारी एजेंसियाँ, शैक्षिक संस्थान, सामाजिक संगठन और आम नागरिक मिलकर सफाई, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित कर रहे हैं।



इसी कड़ी मे ब्योहारी मे भी सेवा पखवाडा अंतर्गत सिविल अस्पताल ब्योहारी मे आज सुबह 10 बजे से ब्लड डोनेशन (रक्तदान) कैप का आयोजन किया जा रहा है। विधायक शरद कोल ने बताया कि रक्त दान महादान है, रक्तदान करें, जीवन बचाये। आपके सहयोग से कई घरो मे खुशियाँ लौट सकती है। उन्होंने रक्तदान के इस पुनीत कार्य मे अधिक से अधिक लोग सहभागिता कर मानवता की मिसाल पेश करने के लिए कहा गया। विधायक ने कल अधिक से अधिक संख्या मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्योहारी मे पंहुच कर रक्त दान करने की अपील की है।



# फ्रेस मेले में कलेक्टर ने की खरीददारी

**शहडोल।** ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन द्वारा जय स्तंभ चैक शहडोल में स्वदेशी थीम पर आयोजित तीन दिवसीय आजीविका फ्रेस मेले के दूसरे दिन कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्व सहायता समूहों की दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन किया तथा उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी भी की। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वदेशी अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में नवरात्रि का पर्व तथा आगे दशहरा एवं दीपावली के पर्व आने वाले हैं। उन्होंने आजीविका फ्रेस मेले में लगाई गई प्रदर्शनी में स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार की गई सामग्री जो विक्रय हेतु उपलब्ध है की खरीददारी करने की अपील जिला वासियों एवं नगरवासियों से की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके हम कुटीर उद्योग, स्थानीय कारीगरों तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं की मदद कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने भावान्तर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने अतिवृष्टि तथा रोगों के कारण सोयाबीन की जो फसल खराब हुई है उसकी भरपाई करने के लिए भावांतर योजना शुरू की है। सोयाबीन उत्पादक किसान 5 से 25 अक्टूबर तक पंजीयन अवश्य करा लें। 1 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 के दौरान बेची गई सोयाबीन की फसल पर ही भावांतर योजना का लाभ मिलेगा।